व्याख्या—राजस्थान में दलित वर्गों के उत्थान के लिए विद्यमान विधानों का प्रभावी प्रवर्तन आवश्यक है।

1790.राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन हेतु सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है–

(a) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रम
(b) समग्र ग्रामीण विकास
(c) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम
(d) ग्रामीण भूमिहीनों हेतु रोजगार गारण्टी कार्यक्रम

उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1944-95

व्याख्या—राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन हेतु सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम है। केन्द्र द्वारा प्रायोजित यह योजना ग्रामीण निर्धनता एवं बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से 1978-79 में शुरू की गयी थी इसे 2 अक्टूबर, 1980 से राज्य के सभी विकास खण्डों में लागू कर दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था।

1791.**डाँग क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम निम्न जिलों से सम्बन्धित है–**

(a) कोटा, बूँदी, सवाईमाधोपुर, धौलपुर
(b) जोधपुर, बाड़मेर, पाली, जालौर
(c) उदयपुर, बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़
(d) नागौर, चुरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1996

व्याख्या—चम्बल की लम्बी, गहरी घाटियों वाला क्षेत्र एवं इसकी सहायक घाटियां जो कि डाकुओं की शरण स्थली है, राजस्थान का डांग क्षेत्र कहलाता है। इसके विकास के लिए राजस्थान सरकार ने वर्ष 1994-95 में 'डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम' के नाम से योजना लागू की। इस योजना के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र मुख्यतः पिछड़ा है, जिसमें तीव्र गति से ढांचागत विकास की आवश्यकता है।

1792.**1981-91 ई0 के दशक में जिस जिले में जनसंख्या का विकास सर्वाधिक हुआ, वह है–**

(a) जयपुर (b) बाँसवाड़ा
(c) बीकानेर (d) अजमेर

उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—1981-91 ई. के दशक में बीकानेर में जनसंख्या का विकास सर्वाधिक हुआ। जबकि दूसरा स्थान अजमेर का तृतीय स्थान जयपुर का रहा।

1793.**संशोधित सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्रियान्वित है–**

(a) राजस्थान में सभी जिलों में
(b) जनजातीय, मरुस्थलीय एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में
(c) मरुस्थलीय जिलों में केवल
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—राजस्थान में संशोधित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का क्रियान्वयन राज्य के जनजातीय, मरुस्थलीय एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों, गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के लिए किया गया है।

1794. 'सेमफेक्स' योजना लागू की गयी है-

(a) राजसिको द्वारा (b) आर. एफ. सी. द्वारा
(c) रीको द्वारा (d) आर. एस. एम. डी. सी. द्वारा

उत्तर : (d)

व्याख्या- 'सेमफेक्स' योजना, आर. एस. एम. डी. सी. द्वारा लागू की गयी है।

1795. हिन्दुस्तान सांभर साल्ट जिसके द्वारा संचालित है, वह है-

(a) केन्द्रीय सरकार (b) राज्य सरकार
(c) सहकारी समिति (d) निजी क्षेत्र

उत्तर : (a)

व्याख्या-हिन्दुस्तान सांभर साल्ट्स लिमिटेड की स्थापना 30 दिसम्बर, 1964 को की गयी थी। इसमें 60% हिस्सा हिन्दुस्तान साल्ट्स का तथा 40% राज्य सरकार का है। इस प्रकार यह केन्द्रीय उपक्रम हिन्दुस्तान साल्ट्स की सहायक कम्पनी है।

1796. केन्द्र सरकार द्वारा संचालित उस योजना का नाम बताइये, जिसके अंतर्गत मरुस्थल के किसानों को पम्पसैट कम से कम किराये या पट्टे पर दिये जाते हैं-

(a) जल धारा योजना (b) किसान विकास योजना
(c) मरु विकास कार्यक्रम (d) भाग्य श्री योजना

उत्तर : (a)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या : राजस्थान के मरुस्थली भागों में जल धारा योजना के अंतर्गत सिंचाई हेतु पंपसेट न्यूनतम किराये या पट्टे पर उपलब्ध कराए जाते हैं। यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा संचालित है।

1797.राजस्थान में U.N.F.P.A. परियोजना का उद्देश्य संबंधित है-

(a) महिला स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन से
(b) बंजर क्षेत्र में खेती से
(c) प्रौढ़ शिक्षा से
(d) जनजातियों के उत्थान से

उत्तर — (a)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — केन्द्र सरकार की शत प्रतिशत वित्तीय सहायता से प्रारम्भ की गयी यू.एन.एफ.पी.ए. एक विशिष्ट परियोजना है, जिसका उद्देश्य जनता को स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन की सघन सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह मुख्यतः महिलाओं के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से सम्बन्धित है।

1798.बाँसवाड़ा तथा कोटा के अतिरिक्त किस अन्य शहर में टसर विकास कार्यक्रम चल रहा है?

(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) जोधपुर (d) अजमेर

उत्तर — (b)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — कृत्रिम रेशम उत्पादन करने का टसर विकास कार्यक्रम राजस्थान के कोटा, बांसवाड़ा उदयपुर तथा गुलाबपुरा में चलाया जा रहा है।

1799.राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार का स्वायत्त निकाय है, स्थापित है–

(a) उदयपुर में (b) जोधपुर में
(c) बांसवाड़ा में (d) जयपुर में

उत्तर : (d)

RPSC RAS/RTS 2009